हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री


13 बजट विशेष : कुरूद को 100 बिस्तर का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, इंडोर ...



14 नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत और 15 पार्षदों ने ली शपथ




## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 मार्च को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में होगी। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सदस्यों का सम्मान एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेश राव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ.भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित

**धमतरी।** एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि भूमिधारकों के कृषि भूमि और कृषि भूमिधारकों का पहचान पत्र नोडल एजेंसी चिप्स के कॉमन सर्विस सेंटर और सत्यापनकर्ता राजस्व विभाग के पटवारियों के माध्यम से किया जाएगा। कृषक पंजीयन के दौरान मैदानी स्तर पर पाई जाने वाली विसंगतियों का निराकरण राजस्व अमले द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला स्तर पर कृषक पंजीयन के सफल संचालन, अनुश्रवण एवं संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति गठित की है। समिति की अध्यक्ष कलेक्टर हैं और सदस्य के तौर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, जिला विज्ञान सूचना अधिकारी अमित सिसोदिया और विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र संबलपुर डॉ.शक्ति वर्मा को समिति में शामिल किया गया है।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन 17 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत तथा महिला सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासीय सुविधायुक्त इन प्रशिक्षणों के लिए 18 से 45 वर्ष तक आयु के ग्रामीण बेरोजगार 17 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। महिला सिलाई प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण बेरोजगार महिलाएं आवेदन कर सकतीं हैं। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। निदेशक बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग प्रशिक्षण के दौरान बिजली के उपकरणों, बिजली की बुनियादी बातों, उनकी मरम्मत में सुरक्षा, सावधानियां, प्रतिरोध कंडक्टर इन्सुलेटर और सेमी कंडक्टर सहित सभी प्रकार के मोटर रिवाइंडिंग एवं मोटर मरम्मत के साथ ही उद्यमिता एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी दी जाएगी। इसी तरह महिला सिलाई प्रशिक्षण के बाद बैंक से ऋण के लिए परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

कई की फसल सूख गई, किसी ने कर दिया मवेशियों के हवाले

# तौबा-तौबा, अब नहीं करेंगे गर्मी में धान की खेती

## जिले में गहराई पानी की समस्या, सिंचाई नहीं होने से किसानों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन की सलाह की अनदेखी करते हुए जिले में बड़ी संख्या में किसानों ने धान की फसल लगाई है। अब किसान बुरी तरह से फंस चुके हैं। कई किसानों के खेत में आधा अधूरा पानी पल पा रहा है। वहीं कई किसानों की खेत सूख गई है। इस बार घाटा खाने के बाद इन किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल से तौबा कर ली है।

धान की खेती में आ रही समस्याओं और पानी की कमी को देखते हुए इस साल रबी सीजन में जिला प्रशासन ने किसानों को धान की फसल नहीं लगाने की सलाह दी थी। बड़ी संख्या में किसानों ने जिला प्रशासन की सलाह पर धान की जगह चना, गेहूं, उड़द आदि की फसल लगाई है। वहीं कई किसानों ने इस सलाह की अनदेखी कर धान की फसल लगा ली है। इनमें से कई किसानों के खेतों में पानी पूरा नहीं पल पा रहा है। स्थिति को देखते हुए उन्होंने कई एकड़ में सिंचाई करना छोड़ दिया है। इन खेतों में लगी फसल बर्बाद हो चुकी है। वहीं बाकी किसानों के खेत में पानी की कमी दिखाई दे रही है। पहले जिन खेतों में भरी गर्मी में भी पानी भरा रहता है, उन खेतों में भी पानी कम दिखाई दे रहा है।

### लगातार चल रहे पंप

पहले तो खेतों में सिंचाई होने के बाद मोटरपंप को किसान बंद कर देते थे, लेकिन अब मोटरपंप बंद ही नहीं हो रहे हैं। फसल लगने के बाद से लगातार मोटर चल रहे हैं। जब विद्युत विभाग द्वारा लाइन बंद की जाती है तब मोटरपंप बंद होता है। लाइन आते ही फिर मोटरपंप चालू हो जाता है। सभी मोटर पंप के लगातार चलने से ट्रांसफार्मरों में लोड़ भी बढ़ गया है। वहीं वाटर लेवल डाउन होने से मोटरपंपों की धार भी पतली हो गई है।



### खेतों में पानी नहीं ठहर रहा

खेतों में सोखन की समस्या किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि पूरे जिले में नजर आ रहा है। यह समस्या कहीं पर कम तो कहीं पर ज्यादा है। इसी के चलते खेतों में पानी ठहर नहीं रहा है। उधर समस्या झेल रहे किसानों ने इस साल के बाद धान की फसल से तौबा कर ली है। किसानों ने बताया कि समस्या इतनी बढ़ जाएगी इसका अंदाजा उन्हें नहीं था। इस साल के बाद वे रबी सीजन में धान की फसल लगाने सोचेंगे भी नहीं।

**केस 1**

ग्राम अमेठी में लालचंद छाजेड़ की जमीन है। इस जमीन को रेग में लेकर एक किसान ने धान लगाया है। पानी की कमी के चलते धान की फसल खराब हो गई है। किसान ने करीब ढाई एकड़ फसल को मवेशियों के हवाले कर दिया। इससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

**केस 2**

ग्राम कलारतराई में किसान दुर्योधन साहू अपने खेत में धान की फसल लगाई है। खेत में मोटरपंप भी लगा है। इसके बावजूद खेत में पानी नहीं पल पा रहा है। किसान फसल को बचाने की कोशिश में लगा हुआ है। उसने महानदी में झरिया खोदकर पानी निकाला है। ट्रैक्टर में पंप लगाकर खेतों की सिंचाई कर रहा है।

**केस 3**

ग्राम खपरी के किसान गिरधर साहू ने 18 एकड़ में धान की फसल लगाई है। उसके पास तीन मोटरपंप हैं। तीनों पंप मिलकर भी खेतों की सिंचाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं। थक हारकर उसने करीब 5 एकड़ में पानी पलाना ही छोड़ दिया है। पांच एकड़ की फसल पूरी तरह खराब हो गई है।

# चना बेचने किसानों में उत्साह, दस हजार से अधिक ने कराया पंजीयन



- जिले में अब तक लगभग 100 क्विंटल चना की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी एक मार्च से की जा रही है। जिले में अब तक लगभग 100 क्विंटल चना की खरीदी समर्थन मूल्य पर किसानों से कर ली गई है। पांच हजार 650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदी के लिए जिले में 4 उपार्जन केन्द्र तरसींवा, लोहरसी, कातलबोड़ और रामपुर बनाए गए हैं। चना खरीदी के लिए अब तक 10 हजार 186 किसानों ने ऑनलाईन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा लिया है। जिले में लगभग साढ़े 15 हजार हेक्टेयर रकबे में इस वर्ष चने की खेती की गई है। इसमें से लगभग 11 हजार 171 हेक्टेयर रकबे की चना की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पंजीयन कराया जा चुका है।

जिला विपणन अधिकारी सुनील सिंह और कृषि विभाग के अधिकारियों ने तरसींवा तथा रामपुर उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया और खरीदी में लगे कर्मचारियों को उपार्जन केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# रीडिंग, राइटिंग तथा लिटरेचर के अलग- अलग प्रश्नों से अंग्रेजी का पेपर रहा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- 12वीं के अंग्रेजी पेपर में 39 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे

मंगलवार को सीजी बोर्ड 12वीं का दूसरा पेपर हुआ। अल- अलग तीन सेक्शन में डिवायडेट प्रश्नपत्र होने से छात्रों के लिए अंग्रेजी का पेपर आसान रहा। 80 नंबर वाले इस पेपर में रीडिंग, राइटिंग तथा लिटरेचर का अलग- अलग सेक्शन रहा। छात्रा भुनेश्वरी, अनीता ने बताया कि अलग- अलग सेक्शन में प्रश्नपत्र आने से पर्चा आसान रहा। जिले के 82 केंद्रों में आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए 7169 छात्रों की दर्ज संख्या थी, जिसमें 7130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। धमतरी से 15, कुरूद से 11, मगरलोड से 3 तथा नगरी ब्लाक से 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। नकल प्रकरण निरंक रहा।



# नालंदा परिसर में विद्यार्थियों को मिलेंगी हाईटेक सुविधाएं : महापौर

## कचहरी के पास स्थित प्रस्तावित स्थल खईया का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

निगम महापौर रामू रोहरा ने मंगलवार को नालंदा परिसर के लिए प्रस्तावित स्थल कचहरी चौक के पास स्थित खईया का निरीक्षण कर सीमांकन की कार्रवाई जल्द करने अधिकारियों को निर्देशित किया। यहां तीन मंजिला हाईटेक लाइब्रेरी बनेगी जो सर्वसुविधा होने के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पढ़ने की व्यवस्था रहेगी।



श्री रोहरा ने कहा कि नालंदा परिसर अतिशीघ्र बनाया जाएगा ताकि इस सुविधा का लाभ शहर और ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को मिल सके। नालंदा परिसर राज्य शासन द्वारा घोषित बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट है जिसे छग राज्य के विभिन्न शहरों में बनाया जाएगा, जिसमें धमतरी शहर का नाम भी है। कचहरी के पास स्थित खईया की बेसकीमती जमीन सालों से खाली पड़ी है। खाली होने के कारण यह कचरा फेंकने की जगह बन गई है जो शहर की सुंदरता को बिगाड़ रही है। श्री रोहरा ने इसे संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के साथ पूरा करने का वचन दिया है।

श्री रोहरा ने बताया कि नालंदा परिसर में ऑक्सी जोन में पढ़ने के लिए इंडोर आउटडोर रीडिंग की व्यवस्था रहेगी जिसमें एकसाथ एक हजार विद्यार्थी पढ़ाई कर पाएंगे। ई-लाइब्रेरी, 50 हजार से अधिक पुस्तकें, सौ के आसपास हाईटेक कम्प्यूटर, इंटरनेट के लिए हाईस्पीड लाइन, फ्री वाई फाई जोन, 24 घंटे बिजली, ऑनलाइन कम्प्यूटर सिस्टम, अंडरग्राउंड विद्युत सप्लाई, 24 घंटे सुरक्षा के इंतजाम, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, प्रवेशी सदस्यों के लिए आई कार्ड, कांच की दीवार, उष्मारोधी छत, वातानुकूलित परिसर, हाल, आउटडोर स्टडी के लिए गार्डन, 50 प्रजाति के पेड़, पौधे, फूल सहित अन्य सुविधाएं रहेंगी।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज और सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स के बीच हुआ समझौता

# दूर होगा शिक्षा और उद्योगों के बीच का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पॉलीटेक्निक कालेज के छात्रों को अब रोजगार का नया अवसर मिलेगा। प्लेसमेंट के उद्देश्य से भोपालराव पॉलीटेक्निक कॉलेज और सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमटेड के बीच प्लेसमेंट को लेकर महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इसके अतिरिक्त कंपनी छात्रों को नई तकनीक की ट्रेनिंग भी देगी।



शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में पांच कोर्स मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल कम्प्यूटर, सिविल और इलेक्ट्रानिक्स संचालित हैं। इनमें से तीन कोर्स मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज का एमओयू सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड से हुआ है। इस समझौते के तहत इस कम्पनी द्वारा प्लेसमेंट कैम्प लगाकर यहां के छात्रों को रोजगार दिया जाएगा। यही नहीं कम्पनी द्वारा ऑनसाइड और ऑफसाइड छात्रों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी जिससे छात्र नई-नई तकनीक से रूबरू हो सकेंगे। ऑनसाइड ट्रेनिंग में यहां के छात्र प्लांट में जाकर तकनीकी जानकारी ले सकेंगे। कम्पनी के तकनीशियन छात्रों को जानकारी देंगे। ऑफ साइड में कम्पनी के तकनीशियन कॉलेज में आकर छात्रों को जानकारी देंगे।

### बेहतर ढंग से प्रशिक्षित होंगे छात्र : प्राचार्य

संस्था के प्राचार्य जीआर साहू ने बताया कि इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है, जिससे वे अपने करियर को नई उंचाई दे सकें। यह समझौता शिक्षा और उद्योगों की कार्यशैली के बीच आने वाली समस्या को दूर करने में कारगर होगा। इस दौरान इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग के विभागध्यक्ष हर्षल मोहले, व्याख्याता जयप्रकाश डनसेना, सारडा एनर्जी के महाप्रबंधक विवेक चौधरी, उपप्रबंधक सुरेंद्र कुमार लांजेवार उपस्थित थे।





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुरूद की केशव प्रभात शाखा में मनाया गया संघ का शताब्दी वर्ष

# विश्व में दस करोड़ से अधिक आरएसएस के स्वयंसेवक है : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुरूद की केशव प्रभात शाखा द्वारा संघ का शताब्दी वर्ष मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि व पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास चंद्राकर व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रमुख राजिम घनश्याम साहू, केशव प्रभात शाखा के प्रमुख केशव चंद्राकर थे।

इस दौरान मुख्य अतिथि चंद्राकर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को केशव हेडगेवार द्वारा की गई। नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि को चरितार्थ करते हुए संघ के एक-एक कार्यकर्ता देश सर्वोपरि की भावना को लेकर कार्य करते हैं। आज भारतवर्ष में 4 लोगों द्वारा शुरू किया गया संघ भारत ही नहीं पूरे विश्व में 10 करोड़ से ऊपर स्वयंसेवकों के साथ आज विश्व की सबसे बड़ी संस्था है। 1962 का युद्ध हो या आपातकाल संघ के कार्यकर्ताओं ने हमेशा देश सेवा को सर्वोपरि रखकर कार्य किया है। आपातकाल के समय जेपी आंदोलन से जुड़ने वाले लाखों कार्यकर्ताओं को यातनाएं भी झेलनी पड़ी जिसमें मेरे दादाजी स्व. लालजी चंद्राकर भी आपातकाल में जेल में बंद थे।



कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक जिला प्रमुख धनेश्वर निर्मलकर, जिला समन्वयक सामाजिक समरसता शशांक कृदत्त, जितेंद्र चंद्राकर, नेमीचंद बैस, डुगेश, खिलेंद्र चंद्राकर, दक्षिणेंद्र गिरी गोस्वामी, देवनाथ सोनी, सीएल विश्वकर्मा, वेदनाथ चंद्राकर समेत अनेक मातृशक्तियां उपस्थित थीं।

### प्रधानमंत्री मोदी भी संघ के एक कार्यकर्ता हैं

केशव ने बताया कि संघ एक वट वृक्ष की तरह है जिसकी हजारों शाखाएं हैं जो संघ के लिए कार्य करती हैं। चाहे वह सहकार भारती हो, विश्व हिंदू परिषद हो, बजरंग दल हो चाहे भारतीय जनता पार्टी हो। ऐसी बहुत सी शाखाएं संघ के लिए काम करती हैं। आज भारत के सर्वोच्च शिखर पर देश का प्रधानमंत्री भी संघ का कार्यकर्ता है। भाजपा आज देश में सत्तासीन है। देश सेवा करने के लिए जो भाव है वह संघ का एक-एक कार्यकर्ता देश सेवा को सर्वोपरि रखकर करता है। हर किसी को संघ से जुड़ना चाहिए। मुख्य वक्ता घनश्याम साहू ने संघ की पृष्ठभूमि पर अपने विचार प्रकट किए।

# जिपं सदस्य गौकरण साहू को जिले में मिले सर्वाधिक मत

## क्षेत्र क्रमांक 3 से 15,579 मतों से की लीड

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 3 के भाजपा समर्थित प्रत्याशी कठौली निवासी गौकरण साहू ने रिकार्ड तोड़ जीत हासिल की है। अन्य जिपं सदस्य प्रत्याशियों को पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले जिपं सदस्यों में प्रथम स्थान पर है। उन्हें कुल 24, 984 मत मिले है। वहीं उनके प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी गोबरा निवासी लकेश्वर साहू को 9,405 मत मिले हैं। जिपं क्षेत्र क्र. 3 के समस्त 31 पंचायतों की जनता ने गौकरण साहू को 15,579 मतों से लीड कराते हुए विजयी बनाया है और भाजपा पर भरोसा जताया है। सभी 31 पंचायतों में उनको भारी बहुमत के साथ जीत मिली है। उन्हें पंचायत निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर गौकरण साहू ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णु के सुशासन एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के विकास पर भरोसा जताया है। उन्होंने बताया कि प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष, रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष निरंजन सिन्हा, शशि पवार, कमलेश ठोकने सहित लोकेश साहू सिर्री मंडल अध्यक्ष के संगठनात्मक कार्यों एवं चुनावी रणनीति से ही जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 में बीजेपी का परचम लहराया है। अपना उद्देश्य बताते हुए श्री साहू ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना उनका प्राथमिक उद्देश्य है।

अधिक मतों से जीतने पर जयमित्र साहू, रूपराम साहू, टकेश्वर चंद्राकर, थानेश्वर तारक अधिवक्ता, इन्द्रनारायण साहू, केवल चंद्राकर, कपिल पटेल, सुशील साहू, जागेश्वर साहू, सुरेश साहू, टेकराम निषाद, तामेश्वरी साहू, चंचल साहू, कौशलेश आडिल राकेश, रामकुमार टुमन, भोज, शेषनारायण, हरिशंकर भोसले, जीवन साहू, अनुराग साहू, भीम साहू, तुकाराम साहू, खेमचंद साहू, हरीश साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ईडी दफ्तर घेराव में शामिल हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता

**धमतरी।** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस भवन में कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले से दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा का आरोप है कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को राजनीतिक दुर्भावना से निशाना बना रही है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि ईडी भाजपा के इशारे पर लगातार कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह ग़ैंदू को सारी जानकारी देने के बावजूद 9 घंटे से ज्यादा समय तक अपने कार्यालय में रोक के रखा गया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी की जासूसी करने के लिए अधिकारी लगाया गया जो कि अनैतिक है। इस प्रदर्शन में राजा देवांगन के साथ विशु देवांगन, नमन बंजारे, उमेश साहू, अरविन्द यादव, रवि देवांगन, चैतन्य साहू, रोहित जगत, तेजप्रकाश साहू शामिल रहे।

## पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने कर्णेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने कर्णेश्वर महादेव मंदिर धाम में दर्शन कर समाज की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इससे पहले उन्होंने कोसरिया मरार पटेल समाज के वार्षिक महाअधिवेशन में भाग लिया, जहां समाज के संगठन और विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्णेश्वर महादेव मंदिर धाम में पूजन-अर्चना के दौरान कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, प्रदेश महामंत्री दुलेश पटेल, कुबेर पटेल, सियाराम पटेल, सतीश पटेल सहित प्रदेश स्तरीय मीडिया प्रभारी राजू पटेल, पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सियाशरण पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, न्याय पंच कुंजलाल पटेल (मारागांव) एवं नवनिर्वाचित पार्षद आसकरण पटेल उपस्थित थे।

### समाज के विकास के लिए संकल्प लिया

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि समाज को संगठित और सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने समाजजनों से एकजुट होकर सामाजिक एवं आर्थिक विकास की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

## अंचल की खबरें

### राजपुर में सरपंच जामबाई ने पदभार ग्रहण किया



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत राजपुर में नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का प्रथम सम्मेलन एवं पद भार ग्रहण समारोह राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से हुआ। सचिव हेमलाल यादव ने सरपंच जामबाई सिन्हा सहित पंचों ध्रुव निषाद, तामेश्वर साहू, मुकेश सिन्हा, लक्ष्मण नेताम, गुरुदयाल पटेल, मोहिनी ध्रुव, शिव कुमारी, खेमिन सिन्हा, धनेश्वरी कंवर, उर्मिला सिन्हा, पूजा सिन्हा, तारा सिन्हा, दिनेश्वरी सिन्हा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष जनक सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि जागेश्वर सिन्हा, हुकुम यादव, सोहन सिन्हा, दुकाल ध्रुव, उमेश, लेखराम, चोवा दुबे मौजूद रहे।

### इर्रा में सरपंच व पंचों ने ली शपथ



**कोर्रा(भखारा)।** जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत इर्रा में सरपंच व पंचों ने शपथ ली। नवनिर्वाचित सरपंच सूर्यकांत साहू सहित सभी पंचों ने संकल्प पत्र का वाचन कर गांव के सर्वांगीण विकास व न्याय की भावना व गरीब पिछड़े वर्ग के विकास के लिए हरसंभव मदद करने व ग्राम के विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी से वादा निभाने का संकल्प लिया। पंचायत सचिव भुवन नायक ने पंच-सरपंच को अपने-अपने पदों की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूर्व सरपंच कमलेश नेताम, उपसरपंच कल्याण साहू, पूर्व पंचगणों को श्रीफल भेंटकर पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

- जनप्रतिनिधियों ने कहा, भेदभाव के बिना करेंगे विकास

### उज्जैन में हुआ माधुरी की छह पुस्तकों का विमोचन



**अंवरी।** 1 मार्च को उज्जैन में बिलासा छंद महालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह संस्थापक डॉ. रामनाथ साहू ननकी, अध्यक्ष डॉ. माधुरी डड़सेना मुदिता नपं भखारा, सचिव डॉ. ओंकार साहू मृदुल के प्रज्ञ संकल्पों से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौन तीर्थ निरंजनीय अखाड़ा के श्री श्री 1008 समनानंद महाराज, विशिष्ट अतिथि गोविंद शर्मा, मनोहर मोयदे, देवेंद्र शर्मा थे। अतिथियों ने डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता की 6 पुस्तकें माधुरी माला, माधुरी मकरन्द, माधुरी मणि, माधुरी मेधा, आईना, मैं ग़ज़ल हूं का विमोचन किया। उनकी माधुरी माला सम्पूर्ण घनाक्षरी संग्रह को मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजा गया। वर्णावली पुस्तक में सहभागिता के लिए भी उन्हें वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजा गया। ज्ञात हो वर्ल्ड रिकार्ड में डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता का नाम 9वीं बार सम्मिलित हुआ है। पुस्तकों के विमोचन पर कमलेश्वर पटेल, यशोदा सिन्हा, डॉ. रामनाथ साहू ननकी, भीखमलाल डड़सेना, चेतना, रोषित, लहर डड़सेना, रौनक, आरती प्रभात सिन्हा, पुष्पलता जायसवाल समेत भखारा नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। राजश्री शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन लिया।

- माधुरी माला सम्पूर्ण घनाक्षरी संग्रह को मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से नवाजा

### गरीब परिवार की आर्थिक मदद की गई



**नगरी।** गांव छिपली निवासी चिताराम नवरंग के पुत्र कन्हैयालाल नवरंग उम्र 40 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इसकी जानकारी होने पर समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, गुरुप्रसाद साहू, पूनम प्रजापति, खेमराज साहू ने उनके घर जाकर राशन सामान और आर्थिक सहयोग किया।

# आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण में शामिल हुए सशिमं के आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

- शिक्षकों को मिली विभिन्न विषयों की जानकारी



जिला शिक्षा ग्राम भारती के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर संकुल मगरलोड का एक दिवसीय आचार्य आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम हसदा में शनिवार को हुआ। यह संकुल का 5वाँ आचार्य आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग था।

कार्यक्रम का शुभारंभग अतिथियों ने भारत माता, मां सरस्वती और पञ्चमाक्षर ओम की पूजा अर्चना से की। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य राजेश कुमार साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक संस्कार का विद्यालय है। उन्होंने यही पढ़ते हुए संस्कार सीखा। संस्कृति, सनातन धर्म और संस्कार की शिक्षा इसी संस्था में मिलती है। आज के परिवेश में पुराने संस्कारों को बनाए रखने की अपील की। नवनिर्वाचित सरपंच ईश्वरी साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में ज्ञान और संस्कार की शिक्षा मिलती हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मीना डेमू साहू ने कहा कि मां बच्चों का प्रथम गुरु होती है। शिक्षक विद्यालयों में अक्षर ज्ञान, संस्कार की शिक्षा देते हैं। उन्होंने गुरु की महिमा का बखान किया। डेमू साहू ने कहा कि आचार्य स्कूल में अच्छे व्यवहार और आदत की सीख देते हैं। उन्होंने कम वेतन में अच्छी शिक्षा देने वाले आचार्यों की तारीफ की। कांशी राम साहू ने कहा कि यह संस्था शिक्षा, संस्कार देश और समाज की अग्रणी संस्था हैं।

### प्रथम सत्र में आध्यात्मिक शिक्षा

प्रथम सत्र में नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें व्याख्यकार रोहित साहू ने कहा कि आध्यात्म अपने आप को जानने की विधा है। सभी मनुष्य पंच तत्व से बने हैं। सभी को दायित्व सौंप कर भगवान इस दुनियां में भेजते हैं। उन्होंने गुरु की महिमा का बखान किया। उन्होंने स्कूल, घर में बेहतर परिवेश बनाये रखने जोर दिया। भगवान की फ़ोटो घर, स्कूल में लगाये इससे बच्चो में आध्यत्मिक भावना का विकास होता है।

### दूसरे सत्र में हिसाब किताब सिखाया

द्वितीय सत्र में नवागांव प्रधानाचार्य ओमप्रकाश साहू ने रोकड़, लेजर, रसीद बुक, उपस्थिति पंजी के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सभी स्कूलों के कार्यालय प्रमुखों ने रोकड़, मासिक शुल्क पंजीयन की जानकारी साझा की। इस मौके पर टोमन लाल साहू, युगलकिशोर साहू, मनोज यादव, अध्यक्ष तरुण पटेल, कांशी राम साहू, प्रधानाचार्य चेलाराम पटेल, शंकर साहू, रामसिंग ध्रुव, रूपेश साहू, नूतन साहू, सन्तु निषाद, वेदराम सिन्हा, नूतन साहू, कौशल साहू, जागेश्वर, ललित पटेल समेत बड़ी संख्या में आचार्य शिक्षक उपस्तिथ रहे।

### 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा की दी जानकारी

तृतीय कालखंड में परीक्षा पर चर्चा हुई। कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा की जानकारी दी गई। आचार्य नूतन साहू, कौशल साहू ने सिलेबल और ब्लू प्रिंट के आधार पर परीक्षा की तैयारी कराने एवं कमजोर बच्चों पर ज्यादा फोकस करने कहा।बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करने कहा गया।

## घरौंदा का वितरण किया गया



भीषण गर्मी को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण को लेकर गौरैया पक्षी की संरक्षण के लिए पूर्व छात्र एवं राज्यपाल पुरस्कृत मोहन लाल साहू द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यालयों को घोंसला का वितरण किया गया। मोहन लाल साहू ने कहा कि प्रकृति संरक्षण को बचाने एक महत्वपूर्ण अभियान है। गौरया पक्षी की प्रजाति धीरे धीरे लुप्त हो रही है। प्रोफेसर कुंदन साहू ने कहा कि प्रकृति में रहने वाले जीव जंतु हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर नरेंद्र साहू, मिथलेश साहू, टोमन साहू उपस्थित थे।

## ख्यातिनाम मंडलियों ने दी प्रस्तुति

**धमतरी।** ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह में महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मानसगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें अनेक ख्याति प्राप्त मंडलियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्री सरगम मानस परिवार बाजार कुर्रीडीह, शारदा मानस परिवार बागोडार, महामाया मानस परिवार आरंग, पंच रागिनी मानस परिवार सिलघट, कृष्णा मानस परिवार बावनलाख, कामरू कामाख्या मानस परिवार डोंगरीपारा, सुर साधना बालिका मानस परिवार चंदसूर, विनय मानस परिवार भिलौरी, प्रज्ञा मानस परिवार गरियाबंद, पैरी लहर मानस परिवार दुधवारा, जय शंकर मानस परिवार चिखली गरियाबंद की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि भीषम चंद्रकला साहू, अजय ध्रुव, मनीषा नरेश मरकाम, सियाराम ओटी, विशिष्ट अतिथि गिरवर नागवंशी, अक्टूराम, ईश्वर सेन, श्याम लाल, कन्हैया लाल सलाम, दिलीप सिन्हा, संतराम मरकाम, हेमंत ध्रुव थे।

# समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी : नेहरूराम

- देवपुर के डोंगेश्वर धाम में हुआ निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन
- क्षेत्र के नवनिर्वाचित पंच-सरपंचों, प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण डोंगेश्वर धाम देवपुर में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू राम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग छग शासन थे। अध्यक्षता फगनू राम निषाद अध्यक्ष पाली देवपुर ने की। विशिष्ट अतिथि हरकराम निषाद जिला उपाध्यक्ष, शंभू निषाद जिला कोषाध्यक्ष, अंजोर निषाद अध्यक्ष सिहावा परिक्षेत्र, खुमान निषाद पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, प्रकाश निषाद पूर्व पाली उपाध्यक्ष, मनराखन निषाद जिला उप संगठन सचिव, टेकराम निषाद उपाध्यक्ष, एन कुमारी निषाद पूर्व सरपंच लड़ेर थे। सामाजिक बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि नेहरू राम निषाद ने कहा कि निषाद समाज में एकजुटता अलग ही दिखती है। समाज में शिक्षा की आवश्यकता है। मछुआरा भाइयों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। निषाद समाज ने पूरे प्रदेश स्तर पर अलग पहचान बनाई है।

सम्मेलन में पाली क्षेत्र के नवनिर्वाचित पंच, सरपंचों का सम्मान किया गया। इस दौरान सत्र 2023-24 में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का श्रीफल से सम्मान किया। सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। कोषाध्यक्ष परमा निषाद ने साल भर के आय - व्यय जानकारी दी।

सम्मेलन में पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद महासचिव नील निषाद, कोषाध्यक्ष परमा निषाद, सह सचिव राजू निषाद, संरक्षक सागर निषाद, बेनी राम निषाद, उधोराम निषाद, सलाहकार मधु निषाद, झुमुक निषाद, दिलदार निषाद, अंकेक्षक रामगुलाल निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चेतन निषाद, महिला प्रकोष्ठ सचिव रेवती निषाद, छन्नू निषाद, गोपाल निषाद, नंदलाल निषाद, उमा शंकर निषाद, लखन निषाद, रामकुमार निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद सहित बड़ी संख्या में समाजज उपस्थित थे। मंच का संचालन संतोष चंदन, हलधर निषाद ने किया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

Pride of Dhamtari

सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी | भवन सुविधा उपलब्ध | शांतिपुर पुरूर
निगम सामुदायिक भवन, राखेचा भवन | 94063-16777, 73890-66777 | सूर्या मैरिज ग्राउण्ड, राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75875-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भोथली/गांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मराठी चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## अंचल की खबरें

### सेनचुवा के सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया



**डांडेसरा (धमतरी)।** ग्राम पंचायत सेनचुवा में नवनिर्वाचित सरपंच जितेन्द्र साहू समेत पंचों ने शपथ ली। पूर्व सरपंच श्रीमती गेंदा ध्रुव सेवामुक्त हुई। सरपंच ने पंचों व पंचायत सचिव श्रीमती खेमलता साहू के समक्ष कार्यभार ग्रहण किया। मौके पर वार्ड पंच रेवती साहू, कन्हैया यादव, भूपेंद्र चन्द्राकर, श्रीमती सरस्वती, हितेश्वरी साहू, सुरजा गोंड, अनुराधा गोंड, डामेश्वरी सेन, मनोज साहू, एश्वर्या साहू, प्रतिभा साहू, टेमन चन्द्राकर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष ज्योति को दिया निमंत्रण



**अंवरी।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउण्डेशन के संस्थापक श्री श्री रविशंकर का आगमन 11 मार्च मंगलवार को शाम 6:30 बजे साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर छग में हो रहा है। उनके अनुयायी अंचल में निमंत्रण देते प्रचार करते घूम रहे हैं। नपं अध्यक्ष ज्योति जैन एवं अंचलवासियों को भी रायपुर में शामिल होने आमंत्रण दिया। इस अवसर पर राष्ट्र स्तरीय प्रशिक्षक तामेश्वर साहू, हरेंद्र साहू, बसंत बैस, हरीश साहू, श्रीमती साहू उपस्थित थे।

### पंचायतों के शपथ ग्रहण में शामिल हुए हरख



**अंवरी।** भखारा तहसील के ग्राम पंचायत भेंडरवानी, देवरी, सिहाद में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच सहित वार्ड के पंचों ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने एवं पंचायती राज अधिनियम 1993 के नियमों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली। ग्राम सचिवों ने शपथ दिलाई। मौके पर सिंधु बैस, हरख जैन, पंकज सिन्हा समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### उमरदा में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ शपथ ग्रहण



**डांडेसरा।** ग्राम पंचायत उमरदा में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सरपंच पन्ना नारायण साहू, पंचगण जयकुमार कंवर, रोहित यादव, मिलेश कंवर, लोकनाथ कंवर, लछवंतीन कंवर, दुलेश्वरी कंवर, कुलेश्वरी खुटेर, भानबाई साहू, बिरझा ध्रुव, दुलेश्वरी साहू ने शपथ ली। मौके पर पूर्व सरपंच अश्वनी कंवर, उपसरपंच त्रिवेणी यादव, पूर्व पंचगण कलाबाई कंवर, कान्ति साहू, दूजबाई कंवर, द्रौपदी यादव, सचिव हिरेश्वरी चंद्राकर, रोजगार सहायक निशा कंवर, ऑपरेटर तोरणलाल साहू, भृत्य अमित पटेल, गणमान्य नागरिक विक्रमसिंह राजपूत, रामआसरा साहू, प्रमोद पटेल, शत्रुहन कंवर, बीरसिंग कंवर, सुमन प्रकाशसिंह राजपूत, दशरथ बंजारे, परमानन्द खुटेर, सुखचैन साहू, कन्हैया साहू उपस्थित थे।

### कम्पोजिट बिल्डिंग के पास हुई प्रकाश की व्यवस्था




**धमतरी।** कम्पोजिट बिल्डिंग के पास स्थित ओपन जिम में लाइट लग जाने से वहां की खूबसूरती बढ़ गई है। ओपन जिम में व्यायाम करने सुबह के अलावा शाम को भी लोग पहुंच रहे हैं। बच्चों से लेकर सीनियर सिटीजन भी ओपन जिम का लाभ ले रहे हैं। ज्ञात हो कि सुबह-शाम भ्रमण करने वाले बीपी तिवारी के नेतृत्व में शहर के गणमान्य नागरिकों ने कम्पोजिट बिल्डिंग के पास प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग कलेक्टर नम्रता गांधी से की थी। मांग पूरी होने पर सभी ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। साथ ही स्वच्छता एवं जल जगार कार्यक्रम के सफल संचालन पर हर्ष जताया है। आभार व्यक्त करने वालों में बीपी तिवारी, आरजी सेन, श्रीराम साहू, केआर साहू, एसके पाठक, केआर ध्रुव, चन्द्रहास साहू, मुरारी राम साहू, नोहर लाल सिन्हा शामिल हैं।

लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई भवन, विश्राम गृह, अतिरिक्त कक्ष एवं सड़कों के लिए करीब 86 करोड़ स्वीकृत

# बजट विशेष : कुरूद को 100 बिस्तर का अस्पताल नर्सिंग कॉलेज, इंडोर हॉल की मिली सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। इस बजट में कुरुद विधानसभा को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं खेल के क्षेत्र में विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से अनेक सौगात मिली है। कुरुद सिविल अस्पताल को 100 बिस्तर में अपग्रेशन व नर्सिंग कॉलेज की स्थापना प्रमुख है। इसके अलावा भी कई छोटी बड़ी घोषणाएं बजट के दौरान की गई है।

ज्ञात हो कि बजट में ही शहरी विकास के लिए, ग्रामीण विकास के लिए भी अलग से फंड स्वीकृत किया गया है। इसके जरिये कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले शहर और गांव में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए विष्णुदेव की सरकार ने कुरुद क्षेत्र के लिए करोड़ों की सौगात दी है। बजट देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि अजय चंद्राकर सत्ता में रहे या विपक्ष में अपने क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए वे हरसंभव कोशिश कर जरूरी मांगों को पूरा करवा ही लेते है। यही उनकी खासियत भी है। कैबिनेट में दखल न होने के बाद भी कुरुद के लिए 100 बिस्तरों का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज के साथ खिलाड़ियों के लिए इंडोर हॉल की बड़ी घोषणाएं बजट में शामिल करवाकर सिद्ध कर दिया है कि वे सच्चे में कुरुद के जनसेवक हैं।

#### युवाओं को नई दिशा मिलेगी, चहुमुंखी विकास होगा



विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्पना को गति देने वाला है जिसमें विकसित छग के साथ विकसित कुरुद का भी बराबर योगदान रहेगा। यह बजट वर्तमान के साथ सुनहरे भविष्य को दृष्टिगत रख तैयार किया गया है। कुरुद क्षेत्र के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के कई काम स्वीकृत किये गये हैं। इससे क्षेत्र के युवाओं को नई दिशा मिलेगी व चहुमुंखी विकास होगा। उन्होंने कुरुद विधानसभा को बजट में करोड़ों की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के अलावा भाजपा सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

#### बजट में इन कामों की मिली है स्वीकृति

भखारा-भठेली में लाइवलीहुड कॉलेज के लिए भवन निर्माण करने 1 करोड़ का व्यय संभावित है। साथ ही 4 करोड़ का प्रावधान नवीन मद के रुप में शामिल किया है। आईटीआई संस्थान कोर्रा में भवन का निर्माण होगा। शासकीय महाविद्यालय कुरूद में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होगा। बड़ी करेली में नवीन विश्रामगृह के लिए बजट में राशि का प्रावधान है। मेघा, सिंगपुर, दुगली मार्ग के पुल-पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 24 किमी, कुरूद, चर्रा, छाती, उड़ेना, झिरिया, कंडेल, भोथली, संबलपुर 20 किमी में चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए करीब 17.30 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। चरमुड़िया, गोबरा, सिवनी-सिर्री जंक्शन 10 किमी चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 22.30 करोड़ का प्रावधान है। रींवागहन-कुर्रा मार्ग के लिए 2 करोड़, भखारा से सिलघट मार्ग के लिए 6 करोड़, दर्रा-खुसरेंगा नयापारा मार्ग 9.30 करोड़, दरबा कोटगांव-ढेठा मार्ग के लिए 9 करोड़, जोरातराई (सि) से इर्रा पहुंच मार्ग के लिए 3 करोड़, मेघा से खैरझिटी मार्ग 4 चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ एवं कुर्रा से चरोटा मार्ग के लिए 6 करोड़ का बजट में शामिल है। इसके अलावा प्रमुख पुल-पुलिया के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 17.30 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## पांच लोगों ने मिलकर की थी चाकूबाजी, दो नाबालिग थे शामिल

- पुलिस ने किया गिरफ्तार, चाकू सहित बांस, बल्ली, डंडा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मामूली बात को लेकर हुई चाकूबाजी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में कुल पांच आरोपी लिप्त थे, जिसमें से दो नाबालिग हैं। तीन आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड धमतरी में पेश किया जाएगा।

1 मार्च को राजबीर सिंग मेहरा उर्फ गिन्नी, जग्गू उर्फ जागेश यादव, जग्गू का चाचा राजेश यादव, दो नाबालिगों का झगड़ा राजकुमार यादव के साथ हुआ था। इसी का बदला लेने के लिए पांचों ने प्लानिंग बनाई। 2 मार्च को सुबह करीब 9.30 बजे ललित मिश्रा उर्फ गन्नू के साथ राजकुमार नयापारा वार्ड आया था। उन्होंने राजकुमार को मोटरसाइकिल से खींचकर नीच उतारा और अश्लील गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान राजवीर सिंग मेहरा उर्फ गिन्नी, जग्गू उर्फ जागेश यादव और दोनों नाबालिगों ने अपने-अपने पास रखे नुकीले एवं धारदार हथियार से राजकुमार पर हमला बोल दिया। राजेश यादव ने हाथ मुक्के तथा डंडे मारपीट की। धारदार हथियार के कई वार से राजकुमार बुरी तरह से घायल हो गया।

आरोपियों से चाकू, लकड़ी का डंडा व बांस का डंडा जब्त किया गया है। आरोपी जागेश उर्फ जग्गू यादव, राजेश यादव उर्फ खुबू के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 (2),109 (1), 296,351(3),3(5), 190, 191(2), (3) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धमतरी से राजेश मरई, सउनि अमित सिंग, हेमन्त ध्रुव, प्रआर दिलेश्वर कुजुर, आरक्षक सुरेंद्र डडसेना, बिट्टू पदमशाली एवं साइबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे सप्र नेताम, आरक्षक कमल जोशी, कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, योगेश नाग, दीपक साहू, मुकेश मिश्रा, फनेश साहू, आनंद कटकवार, विकास द्विवेदी, मनोज साहू, किशोर देशमुख, योगेश ध्रुव का योगदान रहा।

### रामगोपाल मध्यप्रदेश के प्रवास पर



**अंवरी।** छग देवांगन समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ग्वालियर मध्यप्रदेश में 6 मार्च को होने वाले देवांगन समाज के सामाजिक सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। श्री देवांगन 4 दिनों के प्रवास पर ग्वालियर रवाना हो चुके हैं।

### निधन

#### निराशा बाई साहू



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी श्रीमती निराशा बाई साहू 60 वर्ष का निधन हो गया। वे नरेश कुमार साहू एवं ऋषि साहू की मां तथा शोभाराम साहू की पत्नी थी। उनके अंतिम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

## सचिव ने दिलाई सरपंच एवं पंचों को शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत डांडेसरा भवन में सचिव खेदन लाल निषाद ने नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को शपथ दिलाई साथ ही 8 मार्च शनिवार को होने वाले उपसरपंच निर्वाचन के सम्बन्ध में जानकारी दी।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच खुमेश्वरी दीपक साहू, वार्ड पंच तारा बाई यादव, अरविन्द साहू, शेषनारायण साहू, पूर्णिमा टंडन, कमलेश्वरी साहू, आसीन कंवर, रजनी कंवर, जालमसिंग साहू, नेहरू लाल ध्रुव, दामिनी चंद्राकर, संजय कुमार जोशी, दीपक कुमार साहू, पूर्णिमा कंवर, देवकी जांगड़े, कंप्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, ग्राम पंचायत भृत्य टिकेश्वर साहू, पूर्व पंच कैलाश साहू, सियाराम रात्रे, गोपेश्वर जोशी, राजनारायण कंवर, अंगद चंद्राकर, पंकज जोशी, महेश साहू, सुभाष ध्रुव, प्रेमनारायण टंडन, बलराम टंडन उपस्थित थे।

### 256 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 10 मार्च को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में 10 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक बीमा सखी, सिटी कैरियर एजेन्ट, रूरल एजेंट, नॉर्मल एजेंट एवं हेड कुक, इलेक्ट्रीशियन और सिक्योरिटी गार्ड सहित कुल 256 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण हो, वे इस साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदक सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### भगवान शंकर सकल ब्रह्मांड के महानायक : कविता

**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम पोटियाडीह में श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में तीन दिवसीय भजन गायन एवं भव्य मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस की अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर थीं। श्रीमती बाबर ने अमरेश्वर महादेव का जलाभिषेक एवं दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पश्चात समिति द्वारा संचालित भंडारा में सहयोग प्रदान किया। भक्तों को भोजन प्रसादी का वितरण किया।

**// ईश्तहार / /**

क्रमांक/487/2 / राजस्व /न.पं. /2024-25
कुरूद, दिनांक 28/02/2025

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री मनोज कुमार पिता तेजराम साहू निवासी वार्ड क्र. 14 संजय नगर कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्रं. 14 कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 694/1/6/2 का टुकड़ा, रकबा 1480 वर्गफीट आबादी भूमि-भवन स्थित है जिसे श्री तेजराम साहू पिता स्व. आशाराम साहू निवासी वार्ड क्रं. 14 कुरूद से सहमति पत्र दिनांक 10/01/2025 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को सहमति पत्र के आधार पर आवेदक के नाम को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद**
**जिला - धमतरी (छ.ग.)**


## नवागांव में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत नवागांव (थुहा) में 3 मार्च को पंचायत भवन में प्रथम सम्मिलन नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नवागांव की नवनिर्वाचित सरपंच प्रमिला साहू ने शपथ ली कि सरपंच पद में निर्वाचन होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 में प्रावधानों के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का शुद्ध अंतःकरण से भय या पक्षपात के बिना सम्यकरुपेण निर्वहन करेंगे।

साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी सर्वोत्तम क्षमता से विधिसम्मत कार्य करेंगे। इसके साथ ही पंचगणों भामा साहू, यामिनी साहू, भूपेंद्र तारक, सुनीता साहू, तरुण साहू, पेमन साहू, सुनीता साहू , सुरेंद्र साहू ,पांचों बाई साहू, मंजु बाई सतनामी, वर्षा बाई , घटोत्कछ लहरे को ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने पर्यावरण एवं जल संग्रहण के कार्यों सहित कुपोषण मुक्ति अभियान में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। मौके पर वीरेंद्र साहू, घनश्याम साहू, नरेंद्र साहू, रेखलाल, कैलाश साहू, प्रभुराम, मनहरन साहू, इकेश्वर, राजेश, मनीष, देवगण साहू सहित पूर्व सरपंच सरोज साहू एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।




# सिर्री में सरपंच सहित 20 पंचों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत सिर्री में 3 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में प्रथम सम्मिलन, नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया। नवनिर्वाचित सरपंच, पंचगणों का स्वागत हार गुलाल से किया गया। दोपहर 2 बजे ग्राम के नवनिर्वाचित युवा सरपंच देशांत सिन्हा ने शपथ ली कि सरपंच पद में निर्वाचन होने के फलस्वरूप छग पंचायत राज अधिनियम 1993 में प्रावधानों के अनुरूप सौंपे गए दायित्वों का शुद्ध अंतःकरण से भय या पक्षपात के बिना सम्यकरुपेण निर्वहन करेंगे। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में हमेशा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। पंचगणों को भी ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने एवं जल संग्रहण के कार्यों सहित कुपोषण मुक्ति अभियान में सहयोग करने, पर्यावरण संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। वार्ड 1 के पंच रामनाथ शर्मा, वार्ड 2 भानुमति, वार्ड 3 हृदय देवांगन, वार्ड 4 कामेश बंजारे, वार्ड 5 कविता साहू, वार्ड 6 कैलाश देवांगन, वार्ड 7 सेवती साहू, वार्ड 8 कमलेश साहू, वार्ड 9 भारती पटेल, वार्ड 10 मालविका विश्वकर्मा, वार्ड 11 देवश्री ध्रुव, वार्ड 12 बिसरी ध्रुव, वार्ड 13 प्रदीप साहू, वार्ड 14 अनुसुइया सिन्हा, वार्ड 15 मुकेश सिन्हा, वार्ड 16 प्रेमिन कंडरा, वार्ड 17 हरि ध्रुव, वार्ड 18 प्रहलाद पटेल, वार्ड 19 परमिला सोनवानी, वार्ड 20 महेंद्र तारक ने शपथ ली। इस अवसर पर पंचायत सचिव रेखराम साहू, पूर्व सरपंच अमरजीत सिंह गुरुदत्ता, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता, सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता पूर्व सरपंच, विश्राम सिन्हा अध्यक्ष राधाकृष्ण मंदिर समिति सिर्री, कलीराम ध्रुव प्रपा सशिमं सिर्री, सरस्वती ध्रुव रोजगार सहायक, नीलम साहू, ठाकुरराम साहू, कुलेश्वर सिन्हा, राधेरमन साहू, हीरा साहू, नरेंद्र साहू, मनीष कंडरा, सुखितराम, रोशन ध्रुव, मोहन, बोधन ध्रुव, होमन यादव, नारायण यादव, पुनीत ध्रुव, रामेश्वर साहू, भगवान दास, छन्नू तारक, मदन पटेल, दूजराम यादव, बलीराम साहू उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## बजट प्रतिक्रिया

### विकसित छत्तीसगढ़ और सुशासन का बजट : रंजना

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की विष्णु सरकार के बजट में विकसित छत्तीसगढ़ का विजन दिखाई दे रहा है। पहले के बजट में शिक्षा पर ध्यान दिया गया था और इस बजट में छत्तीसगढ़ के विकास की गति को आगे बढ़ने पर ध्यान दिया गया है। 2025 का यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास का बजट सिद्ध होगा। इसमें छत्तीसगढ़ के सभी संभाग को ध्यान में रखते हुए विकास की नई बजट पेश किया गया है। पेट्रोल के वेट में कटौती, कर्मचारियों को तोहफा, पेंशन फंड में निवेश, सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन में नवीन भारत रक्षित वाहिनी का गठन, फूड पार्कों का निर्माण, मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना जैसे अनेक विकास कार्य को ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया गया है। रंजना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ पूर्व प्रधानमंत्र स्व. अटल बिहारी वाजपेई की देन है। हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे के मूल सिद्धांत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ और सुशासन का बजट है।



### जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट : प्रीतेश

**धमतरी।** भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने कहा कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभी वर्ग, सभी क्षेत्र का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान रखा है। इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा, वनवासी क्षेत्र, आदिवासी अंचल , जहां पर विकास की अनेक संभावनाएं हैं, उसे उचित स्थान दिया गया है। इस बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, युवाओं, मातृशक्तियों, किसानों को देखकर बजट बनाया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप 2047 तक विकासशील भारत को विकसित देश में परिवर्तन करने की दृष्टि से उन्होंने योजनाएं बनाई है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व विकासशील छग को विकसित छत्तीसगढ़ में परिवर्तित करने की दृष्टि से उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम है।



### समावेशी विकास का बजट : चेतन

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल का दूसरा बजट वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पेश किया। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला भाजपा कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास की ओर कदम बढ़ाने वाला है। बजट में जिले को विशेष सौगात देते हुए इंडोर हॉल, अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने तथा कुरूद में नर्सिंग कॉलेज बनाने की घोषणा की गई है। बजट में धमतरी का विशेष ख्याल रखा गया है। पेट्रोल के दाम में एक रुपए की कमी लाई गई है। शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया गया है। पेंशन फंड बनाने की घोषणा की गई है।



### बजट में सभी वर्ग का ख्याल रखा गया : अमन

**धमतरी।** भाजपा मंडल आमदी अध्यक्ष अमन राव ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक दिन है। पिछले बजट का थीम ज्ञान था। यानी गरीब, यूथ, अन्नदाता किसान, और नारी शक्ति महिला केन्द्र बिन्दु में था। सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने की कोशिश की है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है। सीएम ने आगे कहा कि इस बार की थीम गति है। जी यानी गुड गवर्नेस, सरकार सुशासन के लिए अलग से विभाग की स्थापना कर प्रयास कर रही है। आई यानी अधोसंरचना विस्तार, टी यानी टेक्नॉलॉजी और आई यानी इंडस्ट्रियल ग्रोथ के लिए प्रयास कर रही है। सरकार ने सभी वर्ग के कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि सड़कों का जाल बिछाने के लिए दो हजार करोड़ का प्रावधान किया है।



### साय सरकार ने युवाओं और छात्रों को थमाया झुनझुना

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ बजट 2025 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनएसयूआई राष्ट्रीय सह संयोजक ओमप्रकाश मानिकपुरी ने कहा है कि साय सरकार के दूसरे बजट में भी राज्य के छात्रों और युवाओं और को झुनझुना थमाया है। 1 लाख नई सरकारी नौकरी वादा करने वाली साय सरकार ने अपने पहले बजट में 33 हजार शिक्षक भर्ती की घोषणा की थी परंतु एक भी भर्ती नहीं कर पाए। एक बार फिर 20 हजार शिक्षकों की भर्ती का जुमला युवाओं को दिया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने छात्रों के लिए टैबलेट व लैपटॉप देने, मासिक ट्रैवल अलाउंस देने, गरीब छात्रों को 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने का वादा किया था पर बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया और ये वादे भी केवल भाजपा सरकार के जुमले साबित हुए।



## छात्राओं ने लिया कराते का प्रशिक्षण

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल तरसींवा में 30 दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण का आयोजन 3 फरवरी से 3 मार्च तक किया गया। प्रशिक्षक विवेक मैब्रेय थे। प्रशिक्षण में 65 लड़कियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने छात्राओं को कराते के विभिन्न दांवपेंच सिखाए।



नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने 14 ट्रैक्टर और 1 हार्वेस्टर के काफिले के साथ किया नगर भ्रमण

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत और 15 पार्षदों ने ली शपथ

- वार्ड 1 के पार्षद राजा ने सरदार की वेशभूषा में ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर नगरवासियों में भारी उत्साह देखा गया। समारोह में जिले के वरिष्ठ राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और नगरवासियों की उपस्थिति रही। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) प्रीति दुर्गम ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में पार्षदों का उत्साह देखते ही बना। वार्ड नंबर 1 के पार्षद राजा पवार ने अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के प्रति अपने स्नेह और समर्थन को दर्शाते हुए सरदार वेशधारण कर शपथ ली, जिससे समारोह में एक अलग ही ऊर्जा और जोश देखने को मिला। देवचरण ध्रुव ने अपनी परंपराओं को संजोते हुए पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में शपथ ली। इन दोनों पार्षदों के विशेष पहनावे ने समारोह को और भी आकर्षक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बना दिया।

#### रैली का नगरवासियों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

शपथ ग्रहण समारोह से पहले अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और 15 पार्षदों ने नगर में 14 ट्रैक्टर और 1 हार्वेस्टर के काफिले के साथ नगर भ्रमण किया। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य चौक से नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। इस दौरान नगरवासियों ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।



#### विधायक अंबिका ने रखीं विकास की प्राथमिकताएं

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है। उन्हें जनता की आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। नगर विकास, स्वच्छता, जल निकासी, सड़क निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

#### समारोह में नपं के प्रशासनिक एवं कार्यालय कर्मचारियों की भूमिका

इस समारोह को सफल बनाने में नपं के प्रशासनिक एवं कार्यालय कर्मचारियों यशवंत वर्मा, यशवंत वर्मा, प्रमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, सोनू सैनिक, राजेंद्र साहू, संतोष नेताम, पुष्कर पटेल, सुद्धूराम वटटी, दीपक साहू, हरीश सोम, भूपेंद्र कौशल, दुर्गेशचंद्र साहू, खिलेश्वर साहू, अजय साहू, सतीश यादव, प्रवीण सोम, ईश्वर दास, अभिषेक मरकाम, उत्तम ध्रुव, राजू साहू, अमरनाथ ध्रुव, त्रिलोक साहू, योगेश निषाद, महेश साहू, तिलेश सलाम, ललित पटेल ने अहम भूमिका निभाई। वहीं सफाई कर्मचारियों चंपाबाई, पुष्पाबाई, भामा साहू, सविता साहू, द्रौपदी निषाद, त्रिलोचनी, कमिलता यादव, देवबती साहू, भगवती साहू, आशादेवी पटेल, मीराबाई साहू, मंजुलता साहू, प्रेमलता भट्ट, मालतीबाई, वेदवतीबाई, गिरधारी निषाद, रेखराज साहू, कीर्ति पवार, परमेश्वरी साहू, जयंती साहू, सोहद्रा साहू, डिकेश साहू, रेणुका साहू, सुरजाबाई, कमलेश्वरी मानिकपुरी, ज्ञानीबाई, रशिम भट्ट, त्रिवेणी साहू, गीता साहू, सविता बघेल, पुनीतराम साहू का भी योगदान रहा।









#### समाज के हर वर्ग का ख्याल रखेंगे

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सेवा का अवसर भी है। नगरवासियों ने जो भरोसा जताया है, उसे मैं पूरी निष्ठा, सत्य और ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। विकास के हर आयाम को छूने की कोशिश की जाएगी। समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर की सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर रहेगी।

#### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें

नगर निगम के महापौर रामू रोहरा और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि यह जनप्रतिनिधियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। जनता ने अपने विश्वास के साथ उन्हें चुना है, अब इनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने कार्यों से जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री बैस ने कहा कि नगर पंचायत नगरी का यह नया नेतृत्व क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। सभी पार्षदों को ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य करना होगा, ताकि नगरी को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाया जा सके।

#### नगर विकास की नई शुरुआत

नगर पंचायत नगरी के इस शपथ ग्रहण समारोह को एक नई शुरुआत का प्रतीक माना जा रहा है। अब नगरवासियों की निगाहें इन नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं, जो आने वाले समय में अपने कार्यों से यह सिद्ध करेंगे कि वे नगर के चहुंमुखी विकास के लिए कितने गंभीर और समर्पित हैं। नगर की जनता को अब यह देखना है कि क्या यह नवनिर्वाचित प्रतिनिधि अपने वादों को निभाते हैं और नगर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होते हैं। आने वाले वर्षों में इनकी नीतियां और क्रियान्वयन ही इस सवाल का जवाब देंगे।

मौके पर पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, अशोक सोम, नवनिर्वाचित जिपं सदस्य अरुण सार्वा, अजय फत्तेलाल ध्रुव सहित नपं चुनाव प्रभारी महेंद्र पंडित, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नंद यादव, श्रीमती आराधना शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा, रूपेंद्र साहू, भावेश चोपड़ा, गोलू मंडावी, अंगेश हिरवानी समेत अन्य मौजूद थे।

## महापौर से निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा से प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्लेस्मेंट कर्मचारियों ने उन्हें उनके आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि उनका नेतृत्व शहर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महापौर ने कहा कि वे सभी के सहयोग से शहर को और बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। इस मौके पर कर्मचारियों और महापौर के बीच शहर के विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। महापौर ने कर्मचारियों के उत्साह और समर्थन की सराहना की और उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके प्रयास से नगर निगम की कार्यप्रणाली में सुधार होगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अविनाश मरोठे, निकाय अध्यक्ष फिरोज खान, प्रवक्ता रघुवीर ठाकुर, चंद्रहास साहू, गोपाल यादव, निर्मला साहू, मनीष साहू, धर्मेश देवांगन, लोकेश प्रजापति, हेमराज गजेंद्र, टिकेश साहू, राजा साहू उपस्थित थे।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम

## स्कूल एवं आंगनबाड़ी के 100 गज के दायरे में तम्बाकू बिका तो होगी कार्रवाई

- अंतर्विभागीय समन्वय समिति और चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति और चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला रखी गई। इस अवसर पर जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी स्कूल, आंगनवाड़ी, शासकीय विभागों, ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

स्कूल एवं आंगनबाड़ी के 100 गज के दायरे में कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लघंन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना, येलो लाइन अभियान, सार्वजनिक स्थानों, शासकीय भवनों एवं कार्यालय को तंबाकू मुक्त करना, प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा धारा 4 और 6 के उल्लंघन के तहत चालानी कार्रवाई के लिए प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक और जिला नोडल अधिकारी डॉ. एमए नसीम ने बताया कि जिले में शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त बनाने और कोटपा अधिनियम को सुचारू रूप से लागू करने के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामांकित किया जाना है। इसके अलावा सभी विभागों से समन्वय करते हुए लगातार चलानी कार्रवाई करने के बारे में भी कार्यशाला में बताया गया।

## सेना में डॉक्टर बनने पर चंचल का पूर्व सैनिकों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने डॉ चंचल साहू को उनके गांव देवपुर नगरी जाकर सम्मानित किया। ग्राम देवपुर निवासी हितेश साहू केपुत्र डॉक्टर चंचल साहू ने नवम्बर में सेना मेडिकल कोर में कैप्टन के पद पर कमीशन लिया था। सेना में ज्वाइनिंग के लिए समय कम होने के कारण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने उनका सम्मान नहीं कर पाया था। उनके छुट्टी पर घर आने की जानकारी मिलने पर पूर्व सैनिकों ने कैप्टन चंचल साहू समेत उनकी मां तारिणी साहू, पिता हितेश साहू को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर परिषद के अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारी लाल साहू, मार्गदर्शक टिकेश कुमार साहू, वरिष्ठ सदस्य जोहर लाल मंडावी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मोहनलाल पटेल, वीरेन्द्र मरकाम, वेदप्रकाश साहू, ऊषा साहू, उमाकांत साहू, खम्मन साहू, हुपेंद्र नाथ साहू, खम्मन गंजीर मौजूद थे।

## जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए संशोधित समय-सारणी जारी

**कांकेर।** जिले के पाँच जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सारणी जारी किया है। पूर्व में जारी समय-सारणी अनुसार जिले के सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही किए जाने 04 मार्च निर्धारित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) द्वारा संशोधित समय सारणी में उल्लेख किया गया है कि जिले की 07 जनपद पंचायतों में एक ही तिथि में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही करने से कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में सभी जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही संभव नहीं हो पाने से प्रथम चरण में जनपद पंचायत कांकेर और नरहरपुर में चुनाव होगा। अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा में निर्वाचन की कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण में जनपद पंचायत अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, चारामा, भानुप्रतापपुर एवं दूर्गूकोंदल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन की कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया है। जारी समय-सारणी अनुसार जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए सम्मिलन आयोजन करने, प्रकाशन की अधिसूचना जारी करने तथा जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी करने की तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है। इसके अलावा जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 12 मार्च नियत की गई है। कलेक्टर ने उक्त नियत तिथि में आयोजित सम्मिलन की विधि सम्मत कार्यवाही सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई

**अंवरी।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के जतन के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। महिलाओं, बच्चों व किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की देखरेख के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए जागृति शिविर का आयोजन कर गोदभराई की रस्म नवनिर्वाचित जनपद सदस्य रेखा साहू, नवनिर्वाचित सरपंच हावेश्वरी साहू, निर्मला रात्रे, मितानिन रामेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसुइया रात्रे, गोदावरी साहू सेक्टर सुपरवाइजर खिलेश्वरी सोनवानी की उपस्थिति में निभाई गई।

## ऑनलाइन सट्टा खिला रहे दो सटोरिये गिरफ्तार

- अर्जुनी पुलिस एवं साइबर टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अर्जुनी पुलिस एवं साइबर टीम ने न्यूजीलैंड विरुद्ध भारत क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खिला रहे दो सटोरियों को पकड़ा है। छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 07 के तहत कार्रवाई की गई। दोनों सटोरियों से नकद 4100 रूपये, दो नग मोबाइल कीमत 20,000 रूपये कुल जुमला 24,100 रूपये, 1 नग डॉट पेन सहित लेखन सामग्री जब्त की गई। अर्जुनी पुलिस एवं साइबर टीम ने ग्राम तेलीनसत्ती बाइपास महावर धर्मवंश के सामने अर्जुनी में आम जगह पर लोगों को न्यूजीलैंड विरुद्ध भारत क्रिकेट मैच में ऑनलाइन क्रिकेट मैच में हार जीत का दांव लगवाकर ऑनलाइन सट्टा नामक जुआ खिला रहे शेख जावेद पिता शेख वकील उम्र 39 वर्ष, साकिन रिसाईपारा धमतरी और मनोहर गुप्ता पिता श्याम लाल गुप्ता उम्र 50 वर्ष साकिन बनियापारा धमतरी को मौके पर पकड़ा। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना अर्जुनी से प्रआर विजय बैरागी, आरक्षक प्रशांत पांडेय, तरुण कोकिला, भुवन भक्ता एवं साइबर टीम से प्रआर लोकेश नेताम, आरक्षक दीपक साहू, आनंद कटकवार, किशोर देशमुख, कृष्णा पाटिल का योगदान रहा।









